विजयी विश्व तिरंगा प्यारा

(झंडा गीत)

॥ विजयी विश्व तिरंगा प्यारा ॥

विजयी विश्व तिरंगा प्यारा,
झंडा ऊंचा रहे हमारा।
सदा शक्ति बरसाने वाला,
प्रेम सुधा सरसाने वाला,
वीरों को हरषाने वाला,
मातृभूमि का तन-मन सारा।। **झंडा...।**
स्वतंत्रता के भीषण रण में,
लखकर बढ़े जोश क्षण-क्षण में,
कांपे शत्रु देखकर मन में,
मिट जाए भय संकट सारा।। **झंडा...।**
इस झंडे के नीचे निर्भय,
लें स्वराज्य यह अविचल निश्चय,
बोलें भारत माता की जय,
स्वतंत्रता हो ध्येय हमारा।। **झंडा...।**

आओ! प्यारे वीरो, आओ।
देश-धर्म पर बलि-बलि जाओ,
एक साथ सब मिलकर गाओ,
प्यारा भारत देश हमारा।। **झंडा...।**
इसकी शान न जाने पाए,
चाहे जान भले ही जाए,
विश्व-विजय करके दिखलाएं,
तब होवे प्रण पूर्ण हमारा।। **झंडा...।**
विजयी विश्व तिरंगा प्यारा,
झंडा ऊंचा रहे हमारा।

****

रचनाकाल : 1924
रचनाकार : श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'